निबंधन एवं शर्तें

कनिष्ठ परामर्शदाता - परिवार नियोजन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यार्थियों से से आवेदन पत्र आमंत्रित कर रहा है।

भूमिका एवं उत्तरदायित्व

कनिष्ठ परामर्शदाता को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन प्रभाग में तैनात किया जाएगा तथा वह सीधे ही उप आयुक्त, परिवार नियोजन की देखरेख में कार्य करेगा। पद के विशिष्ट उत्तरदायित्व निम्न प्रकार हैं:

- राज्यों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की समग्र निगरानी में परिवार नियोजन प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की सहायता करना।
- 7 राज्यों के चुने गए जिलों में एमपीवी को मानिटर करना तथा तिमाही प्रगति रिपोर्टें तैयार करना।
- नए गर्भनिरोधकों अर्थात् इंजेक्टेबल्स, सेन्टक्रोमन को प्रारंभ करने को मानिटर करना।
- राज्यों में इंजेक्टेबल गर्भनिरोधकों के भंडार की स्थिति को मानिटर करना।
- क्षमताओं और कमजोरियों की पहचान करने के लिए आवधिक रूप से राज्यों / जिलों / सुविधा केंद्रों का दौरा करना और राज्य एवं जिला स्तरों पर आंकड़ा गुणवत्ता सुनिश्चित करना। सहमत उपायों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अनुवर्ती कर्रवाई करना।
- एचएमआईएस आंकड़ों के विश्लेषण में सहायता करना और राज्य एवं जिला स्तरों पर मासिक / तिमाही प्रगति रिपोर्टें तैयार करना।
- समीक्षा बैठकों, वार्षिक रिपोर्टों, वार्षिक कार्य-योजनाओं एवं प्रचार प्रसार हेतु जब भी अपेक्षित हो उच्च गुणवत्तायुक्त विश्लेषित आंकड़े एवं रिपोर्टें उपलब्ध कराना।
- साक्ष्य आधारित आयोजना एवं परिवार नियोजन मानिटरिंग में सहायता करने हेतु जनसांख्यिकी सर्वेक्षणों (अर्थात् एनएफएचएस / डीएलएचएस / एसआरएस / एएचएस) के आंकड़ों का प्रयोग करते हुए आंकड़ों को मिलान करना, उनका विश्लेषण करना तथा रिपोर्टें तैयार करना।
- राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय परिवार नियोजन आयोजन उन्मुख जागरूकता तथा समीक्षा बैठकों का आयोजन करने के लिए परिवार नियोजन प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, तथा राज्यों की सहायता करना।
- परिवार-नियोजन प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सौंपे गए अन्य कोई कार्य।

अपेक्षित योग्यताएं

- किसी भी विषय में स्नातक के साथ जन स्वास्थ्य में तथा संबंधित विषयों अथवा समकक्ष में स्नातकोत्तर डिग्री ।

आवश्यक कौशल एवं योग्यताएं

- सुदृढ़ आलोचनात्मक विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन कौशल अपेक्षित है।
- हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में उत्कृष्ट अन्तर वैयक्तिक कौशल, मौखिक एवं लेखन संवाद कौशल।
- प्रबंधन एवं फील्ड कर्मचारियों के बीच सहयोग करने की योग्यता।
- व्यापक रूप से यात्रा करने की इच्छा एवं योग्यता।

आयु: 30 वर्ष तक

पारिश्रमिक की सीमा: प्रतिमाह रु.**30,000**/- से रु.40,000/- के बीच।

स्थान: नई दिल्ली।

आवेदन कैसे करें :

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह एनएचएसआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध ToR के साथ संलग्न आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को ई.मेल rch.recruitment@gmail.com में दिनांक 8-Jul-2017 को अपराह्न्न 4 बजे तक **अवश्य भेज दे**। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।